मतदाता जागरूक रैली

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 13.10.2018 को एन.एस.एस. इकाईयों द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने के लिए मतदाता जागरुक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य लोगों को अपने मत का महत्व समझाना था। इस रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग सोच समझकर विना किसी दवाब व प्रलोभन के जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। मतदान आपका अधिकार भी है और कर्तव्य भी है इसलिए योग्य उम्मीदार को चुनें व अपने मत का मूल्य पहचानें। मत, मतदाता और मतदान यही है लोकतंत्र की पहचान आदि नारों के साथ रैली अम्बेडकर चौक से लेकर मैन बाजार बल्लबगढ होते हुए वापस महाविद्यालय पहुँची। इस रैली का आयोजन श्रीमती रितु व डॉ. सीमा मलिक एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों के सहयोग किया गया।